समाचार

निगम की सफाई व्यवस्था में स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी की उपस्थिति में किया स्वच्छता दीदियों को सुरक्षाकिट का वितरण)

कोरबा 19 मार्च 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि नगर की स्वच्छता एवं निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, वे विशेष परिश्रम कर घर–घर जाकर अपशिष्ट का संग्रहण करती हैं तथा अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होने कहा कि अपशिष्ट संग्रहण में लगी हमारी स्वच्छता दीदियों की सुरक्षा हमारे लिए अतिमहत्वपूर्ण है तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे अपने कार्य के दौरान निर्धारित सुरक्षा साधनों का पूरा उपयोग करें।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने स्वच्छता दीदियों को सुरक्षाकिट प्रदान करने के अवसर पर कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 19 एस.एल.आर.एम.सेंटर संचालित हैं, जहां पर घरों व दुकानों से निकले हुए अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन की व्यवस्था की गई है, निगम में 698 स्वच्छता दीदियॉ कार्यरत हैं, जो अपने रिक्शे के साथ डोर–टू–डोर पहुंचकर अपशिष्ट का संग्रहण करती हैं तथा इस अपशिष्ट को एस.एल.आर.एम. सेंटर में लाकर उसके उचित प्रबंधन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। महापौर श्री प्रसाद ने आज साकेत भवन में सांकेतिक रूप से 10 स्वच्छता दीदियों को सुरक्षाकिट प्रदान किए तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी, नगर की स्वच्छता व निगम की सफाई व्यवस्था में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होने निगम के स्वच्छता अधिकारियों से कहा कि सभी एस.एल.आर.एम.सेंटरों में सुरक्षाकिट तत्काल उपलब्ध कराकर वहां पर कार्यरत सभी स्वच्छता दीदियों को सुरक्षाकिट उपलब्ध करा दें। उन्होने स्वच्छता दीदियों से भी आग्रह किया कि वे अपने कार्य के दौरान

सुरक्षाकिट में शामिल सभी सामग्रियों का उपयोग करते हुए ही अपना कार्य संपादित करें। स्वच्छता दीदियों को प्रदान किए गए सुरक्षाकिट में साड़ी ब्लाउजयुक्त ड्रेस, कैप, मास्क, हैण्ड ग्लोब्स, एप्रेन, शूज, मोजे आदि शामिल हैं। महापौर श्री प्रसाद द्वारा स्वच्छता दीदियों को सुरक्षाकिट प्रदान किए जाने के अवसर पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एल्डरमेन आरिफ खान, पार्षद संतोष लांझेकर, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, फारूख मेमन, अनवर रजा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।